Home Work
अभ्यास

Fill in the blanks with much or many

Much is used to denote uncountable nouns and Many for describing countable nouns.

1. There is not........... rice in the jar.
2. The sea shore is covered with so........... sand.
3. I don't drink........... coffee.
4. Riya doesn't have .....friends.
5. How ..... work do you have to do?
6. She doesn't read .... newspapers.
7. Are there .... people in the room.
8. You don't have .... time to do this test.
9. I don't have ...... money.
10. Did you answer........ questions wrongly in the test?
11. How......times have you been to Delhi?

Answers

1. Much	7. Many
2. Much	8. Much
3. Much	9. Much
4. Many	10. Many
5. Much	11...........
6. Many	

पिछले तीन अंकों के आई पॉड विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं–

1. **श्रद्धानंद शर्मा**–इंदिरा नगर, मेरठ, यूपी
2. **आईशा जमाल**– फुलवारी शरीफ, पटना
3. **नीरज कुमार शर्मा**– श्रावस्ती, यूपी

ऊपर दिए गए अभ्यास में 11 नंबर के प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है। इसका सही जवाब भेजने वाले चुनिंदा पाठक जीत सकते हैं आई पॉड। आप अपने उत्तर भेजें

naidishayen@livehindustan.com

English Genius
अंग्रेज़ी जीनियस

चेक कीजिए, क्या आप हैं English जीनियस?

इस बार से हम एक नया कॉलम शुरू कर रहे हैं, जिसका नाम है English जीनियस। इसमें हम हर बार कुछ अलग Exercises देंगे। आप उन्हें हल करके देखें और जाने की आप अंग्रेजी में कितने जीनियस हैं। इस तरह खेल ही खेल में आपकी अंग्रेजी vocabulary बढ़ेगी और नए शब्दों का ज्ञान भी होगा।

नीचे दिए गए सिनोनिम शब्दों के चार विकल्प दिए गए हैं। इन में से एक विकल्प ही सही है, शेष गलत हैं। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे निकटतम पर्यायवाची शब्द चुनना है। यदि आप नीचे दिए गए दस शब्दों में से सात शब्दों के सही उत्तर दे पाते हैं तो समझ लीजिए आप हैं English जीनियस।

1. Mobility : (a) skill (b) movement (c) politeness (d) motor

2. Pre-eminent: (a) outstanding (b) important (c) promising (d) significant

3. Nasty : (a) dirty (b) clear (c) fake (d) intelligent

4. Niggardly: (a) kind (b) weak (c) miserly (d) sentimental

5. Odious: (a) generous (b) admirable (c) lovable (d) hateful

6. Overtures: (a) skill (b) agreements (c) offers (d) significant

7. Quack: (a) honest (b) fashionable (c) phoney (d) kind

8. Reluctant: (a) willing (b) pleased (c) unwilling (d) careless

9. Pretend: (a) fake (b) boast (c) offer (d) profess

10. Privation: (a) hardship (b) rich (c) uncertainty (d) hidden

Answers:

1. (b), 2. (a), 3. (a), 4. (c), 5. (d), 6. (c), 7. (c), 8. (c), 9. (d), 10. (a)

CROSS WORD
क्रॉस वर्ड

FLOWERS

Find out the names of 10 flowers hidden in the table given below

R	O	S	C	H	A	D	F	L	O	T	U	S
O	D	A	U	Q	D	A	I	S	Y	C	L	N
S	S	U	N	N	O	P	A	S	X	H	E	O
E	M	C	B	V	F	R	T	Y	U	A	X	P
A	D	F	G	H	J	L	O	N	F	M	L	H
D	A	H	L	I	A	N	O	A	D	P	S	I
M	A	R	I	G	L	O	B	W	J	A	T	B
P	E	R	I	W	I	A	S	X	E	D	X	I
M	A	R	I	G	O	L	D	U	A	R	Y	S
P	O	I	U	Y	J	L	O	B	T	D	T	C
G	P	E	R	I	T	U	L	I	P	E	G	U
D	A	H	L	T	Q	N	O	A	D	J	A	S
B	O	U	G	A	I	N	V	I	L	L	E	A

ROSE TULIP DAHLIA LOTUS

MARIGOLD BOUGAINVILLEA DAISY

CHAMPA HIBISCUS SUNFLOWER

अजीत कुमार

IT'S ENGLISH MERI JAAN / इरफान



हिन्दुस्तान जानो ENGLISH

कुछ सवालों का दें जवाब और जानें कि आप कितने जीनियस हैं

4 अंकों की कड़ी शृंखला

www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान BBC हिन्दी का संयुक्त अभियान

सीखिए Grammar और बढ़ाइए Vocabulary

दोस्तो, जानो English सप्लीमेंट का नया अंक आपके हाथों में है। वास्तव में यह चौथा कदम है, जो आपने अंग्रेजी भाषा की तरफ बढ़ाया है। पिछले तीन अंकों में जानो English को मिले आपके भरपूर समर्थन को देखते हुए हमने अपने कॉलमों की क्वालिटी में और सुधार किया है। हमारी कोशिश है कि आपको एक बहुआयामी सप्लीमेंट पढ़ने को दिया जाए। अपने वादे के मुताबिक जानो English के इस अंक के साथ हम शुरू कर रहे हैं अंग्रेजी व्याकरण। शुरुआत होगी कुछ बेसिक नियमों से। ये नियम आपको अंग्रेजी बोलने में ही नहीं, लिखने में भी मदद करेंगे। इन्हें ध्यान से पढ़िए और सहेज कर रखिए। पहले Articles, Verb, Adverb आदि के भेद समझाएंगे, फिर अंग्रेजी वार्तालाप का आधार तय करने वाले काल (Tenses) की व्याख्या की ओर बढ़ेंगे। फिर जल्दी ही आप किसी भी सिचुएशन के हिसाब से वाक्य बना सकेंगे।

अंग्रेजी के डेढ़ हजार सबसे पॉपुलर शब्दों की लिस्ट क्रमशः आपके हाथों में पहुंच रही है। लेकिन अब हम आपका दायरा सिर्फ Globish के इन डेढ़ हजार शब्दों तक सीमित नहीं रखेंगे। अब आपको कामचलाऊ अंग्रेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। याद रहे अंग्रेजी भाषा का ताजमहल जिस नींव पर खड़ा होता है, उसे कहते हैं वुकेबलरी। दूसरे लफ्जों में आपका शब्द ज्ञान। जिस व्यक्ति का जितना बड़ा शब्द भंडार होगा, वह उतनी ही आसानी से अपनी बात कह पाएगा। हमारा मकसद है कि धीरे-धीरे आपके भीतर शब्दों को लेकर एक ललक पैदा हो जाए। हर रोज कम से कम 10 नए शब्द आपके ज्ञान भंडार में जुड़ें। ये शब्द आगे चल कर आपके तरकश के तीर साबित होंगे। याद रहे किसी भी मीटिंग में एक अच्छा और अर्थवान शब्द भी आपको औरों की नजर में चढ़ा सकता है। इस अंक से शुरू किया जा रहा English Genius गेम एक तराजू की तरह काम करेगा, जिसमें आप अपनी शब्द क्षमता का आकलन कर सकेंगे।

जैसा कि पाठकों की प्रतिक्रियाओं से पता चल रहा है, बीबीसी हिन्दी के सहयोग से पेश किए जा रहे मुहावरों वाले आलेखों को काफी पसंद किया जा रहा है। इस बार पढ़िए कहावतें। इसके अलावा भीतर के पन्नों पर कुछ नए रोचक कॉलम शुरू किए गए हैं, उन्हें पढ़िए और बताइए कि वे आपको कैसे लगे।

इस अंक में हम पिछले तीन अंकों के 'होम वर्क' कॉलम के विजेताओं के नाम भी प्रकाशित कर रहे हैं, जिन्होंने सही जवाब भेज कर आई पॉड जीता है। तीनों को हमारी बधाई।

कहावतों में कितनी नॉलेज?

मिर्जा एबी बेग

मुहावरे, कहावतें, लोकोक्तियां, ये सारी चीजें किसी भाषा और संस्कृति की पहचान होती हैं और इनमें ज्ञान भरा होता है।

अरबी भाषा में एक कहावत है अल-मिस्ल फिल कलाम कल-मिल्ह फित-तआम यानी बातों में कहावतों या मुहावरों की उक्तियों की उतनी ही जरूरत है, जितनी खाने में नमक की।

हम अपनी बात में वजन पैदा करने के लिए इन चीजों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उर्दू, फारसी और अरबी भाषा में कहावतों की जगह आमतौर पर शेर ने ले ली है और लोग बात-बात में इसका प्रयोग कर अपने ज्ञान और भाषा का रौब जमाते रहते हैं। यहां मैं अरबी, फारसी या उर्दू की कहावतों या मुहावरों की बात नहीं कर रहा हूं, बल्कि अंग्रेजी के कुछ प्रोवर्ब्स (proverbs) की बात करनी है। तो आइए देखते हैं कुछ ऐसे प्रोवर्ब्स, जो हमारी अपनी भाषा में मिलते हैं।

A bad workman quarrels with his tools
नाच न जाने आंगन टेढ़ा

All that glitters is not gold
हर चमकती चीज सोना नहीं होती

Barking dogs seldom bite
जो गरजते हैं, वो बरसते नहीं

Fortune favours braves
हिम्मते मरदां-मददे-खुदा

Too many cooks spoil the broth
तीन मुल्ला में मुर्गी हराम या बहरो जोगी मठ उजाड़

From the frying pan into the fire
आसमान से गिरे खजूर में अटके

BBC हिन्दी

(शेष पेज 6 पर)

ज़बान संभाल के

शिक्षक : Kid, your essay on "My Dog" is exactly the same as your brother's. Did you copy from him?
छात्र : No, teacher, it's about the same dog!

शिक्षक : What is the chemical formula of water?
छात्र : HIJKLMNO.
शिक्षक : What are you talking about?
छात्र : Yesterday you said H to O.

पति पत्नी की एक-दूसरे से बात- चीत बंद थी। पति ने पत्नी के सिरहाने पर कागज की एक पर्ची रख दी, जिस पर लिखा था : Dear Wife! Awake me at 5 am tomorrow.
अगली सुबह पति के सिरहाने एक पर्ची रखी थी, जिस पर लिखा था : Dear Husband, It's 5 O' Clock, get up.

प्रश्न : उस खूबसूरत महिला क्रिकेटर ने कमेंटेटर को थप्पड़ क्यों मारा?
उत्तर : क्योंकि उसने कहा था- She is ready for next delivery.

गलफ्रैंड : Now it is time we should marry.
बॉयफ्रैंड : That's ok, but who will marry us.